त्रैमासिक परीक्षा 2023-24

समय -3:00 घंटे **कक्षा- 11वी** **पूर्णांक-70**

विषय- भूगोल

SET- A

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिसमें सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 06 अंक, सत्य/असत्य 06 अंक सही जोड़ी 05 अंक, एक वाक्य में उत्तर 05 अंक, के प्रश्न होगे।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 20 तक के प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 12 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 13 से 17 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 18 से 19 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 04 अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 20 भारत के मानचित्र पर आधारित प्रश्न हैं। प्रश्न के लिए 05 अंक आंवटित हैं।

(viii) प्रश्न क्रमांक 20 को भारत के मानचित्र में दर्शाकर उत्तर पुस्तिका में संग्लग्न कीजिए।

1 सही विकल्प चुनकर लिखिए- **(1 x 6 =6)**

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा एक भौतिक स्वरूप नहीं है –

(अ) पर्वत (ब) घाटियां

(स) मैदान (द) नगर

(ii) यूरेशियन प्लेट का उदाहरण है -

(अ) महासागरीय प्लेट का (ब) महाद्वीपीय प्लेट का

(स) महाद्वीपीय और महासागरीय प्लेट का (द) इनमें से कोई नहीं

(iii) कौन-सी भूकंपीय तरंगे धरातल पर सबसे पहले पहुचती है –

(अ) P तरंगे (ब) S तरंगे

(स) L तरंगे (द) उपरोक्त सभी

(iv) निम्नलिखित में से किस देश की भारत के साथ सबसे लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा है-

(अ) चीन (ब) नेपाल

(स) पाकिस्तान (द) बांग्लादेश

(v) काल्डेरा का निर्माण होता है –

(अ) ज्वालामुखी द्वारा (ब) भूकंप द्वारा

(स) अपरदन द्वारा (द) निक्षेपण द्वारा

(vi) पृथ्वी पर सर्वाधिक गुरुत्वाकर्षण कहाँ होता है-

(अ) ध्रुवों पर (ब) भूमध्य रेखा पर

(स) कर्क रेखा पर (द) मकर रेखा पर

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – **(1 x 6 = 6)**

(i) अपक्षय ..... निर्माण की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।

(ii) भूगोल शब्द ..... भाषा से लिया गया है।

(iii) मेघालय के पठार को जनजातियों के नाम के आधार पर ..... भागों में बाँटा गया है।

(iv) हमारे सौरमंडल में ग्रहों की संख्या ..... है।

(v) प्रायद्वीपीय भारत ..... प्लेट का हिस्सा था।

(vi) भारत का दक्षिणी हिस्सा .....कटिबंध में स्थित है।

3. सत्य / असत्य लिखिए – **(1 x 6=6)**

(i) रासायनिक क्रियाएँ कणों के मध्य बन्धन को ढीला कर देती हैं।

(ii) मृत्तिका के नीचे चट्टान की परत को स्तम्भ शैल कहते हैं।

(iii) लम्बवत् अपरदन के कारण V (वी) आकार की घाटी का निर्माण होता है।

(iv) भारत विश्व का क्षेत्रफल की दृष्टि से पांचवां बड़ा देश है।

(v) कर्क रेखा मध्यप्रदेश से होकर गुजरती है।

(vi) लघु हिलामय को उत्तराखण्ड में नागतीभा कहा जाता है।

4. सही जोड़ियाँ बनाइए – **(1 x 5=5)**

'A'	**'B'**
(i) द्वैतारक सिद्धांत	(क) जेम्स जींस
(ii) एकतारक सिद्धांत	(ख) हॉयल
(iii) स्थिर अवस्था संकल्पना	(ग) एडविन हब्बल
(iv) विस्तरित ब्रम्हांड परिकल्पना	(घ) यू.बी.313
(v) बोने ग्रह	(ङ) लाप्लास
	(च) जार्ज डार्विन

5. एक शब्द / एक वाक्य में उत्तर लिखिए – **(1 x 5 =5)**

(i) बालू-टिब्बे का निर्माण किस कारक के निक्षेप द्वारा होता हैं?

(ii) घोल रंध्र किस अपरदन कारक के द्वारा बनाये जाते हैं?

(iii) भारत की सबसे लंबी तट रेखा वाला राज्य कौन-सा है?

(iv) भारत और श्रीलंका को अलग करने वाली जलसंधि का नाम लिखिए।

(v) कश्मीर घाटी किन दो पर्वत श्रेणियों के बीच स्थित है?

6. मानव भूगोल की किन्हीं दो शाखाओं के नाम लिखिए। **02**

अथवा

भूगोल में तकनीकी के कोई दो महत्व लिखिए।

7. भूगोल के अध्ययन के दो प्रमुख उपागम लिखिए। **02**

अथवा

हिमालय पर्वत में स्थित दो दर्रों के नाम लिखिए।

8. भारत का अक्षांशीय एवं देशांतरीय विस्तार लिखिए। **02**

अथवा

भारत के दो पड़ोसी देशों के नाम व उनकी दिशा की स्थिति भी लिखिए।

9. पश्चिमी घाट की कोई दो विशेषताएं लिखिए। **02**

अथवा

बांगर से क्या आशय है?

10. करेबा क्या है? **02**

अथवा

भारत का एक मात्र जागृत ज्वालामुखी का नाम लिखिए तथा यह किस खाड़ी में स्थित है?

11. विभेदन प्रक्रिया से क्या आशय है? **02**

अथवा

वेगनर के अनुसार महाद्वीपीय विस्थापन की प्रक्रिया में प्रयुक्त प्रमुख बलों को लिखिए।

12. प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत में वर्णित प्रमुख प्लेटो के नाम लिखिए। **02**

अथवा

क्या मृदा निर्माण में अपक्षय एक आवश्यक अनिवार्यता है।

13. घाटी रंध्र अथवा युवाला का विकास कैसे होता है? **03**

अथवा

बरखान किसे कहते हैं? ये कहाँ पाए जाते हैं?

14. तराई और भांवर क्षेत्रों में कोई तीन अंतर स्पष्ट कीजिए। **03**

अथवा

पश्चिमी तटीय मैदान एवं पूर्वी तटीय मैदान में कोई तीन अंतर लिखिए।

15. हिमालय पर्वत की कोई तीन महत्व का को समझाए। **03**

अथवा

प्रायद्वीपीय पठार के कोई तीन महत्व को समझाए।

16. उत्तर भारत के मैदान के कोई तीन महत्व लिखिए। **03**

अथवा

हिमालय को भूआकृतिक आधार पर कितने भागों में बाँटा गया है? किसी एक का वर्णन कीजिए।

17. भारत का पश्चिमी तटीय मैदान डेल्टा रहित क्यों है? समझाइए। **03**

अथवा

भूकंप से होने वाले प्रभावों को समझाइये।

18. वेगनर के महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत के पक्ष में दिए गए प्रमाणों की व्याख्या कीजिए। **04**

अथवा

पृथ्वी की आंतरिक संरचना का सचित्र वर्णन कीजिए।

19. अपक्षय किसे कहते है? अपक्षय के प्रकारों का वर्णन कीजिए। **04**

अथवा

नदी के निक्षेप से बनने वाली स्थलाकृतियों को चित्र सहित समझाइये।

20. भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए- **05**

(i) सतपुड़ा पर्वत (ii) 10° चैनल (iii) लक्ष द्वीप

(iv) खम्भात की खाड़ी (v) कार्बी ऐंगलोंग पठार

अथवा

भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए -

(i) काराकोरम श्रेणी (ii) गंगा नदी (iii) अरावली पर्वत

(iv) भारतीय मरुस्थल (v) छोटा नागपुर का पठार